84

यहूदिया में निद्रारहित

बाइबल् पाठ #36

VII. यीशु की सेवकाई का अन्तिम सप्ताह (क्रमश:)।

ज. शुक्रवार*: यीशु की मृत्यु का दिन (क्रमश:)।

2. गतसमनी का बाग (मत्ती 26:30, 36-46; मरकुस 14:26, 32-42; लूका 22:39-46; यूहन्ना 18:1)।
3. विश्वासघात और गिरफ्तारी (मत्ती 26:47-56; मरकुस 14:43-52; लूका. 22:47-53; यूहन्ना 18:2-11)।
4. यहूदी ''मुकदमा'' (चरण एक और दो):
   क. चरण एक: हन्ना द्वारा जांच (यूहन्ना 18:12-14, 19-23)।
   ख. कैफा और महासभा द्वारा दोषी ठहराया जाना (मत्ती 26:57, 59-68; मरकुस 14:53, 55-65; लूका 22:54क, 63-65; यूहन्ना 18:24)।

परिचय

क्या कभी आपने बिना सोये रात बिताई है? शायद आप चिंता या भय या पीड़ा से इतना भरे हुए थे कि रात भर आपको नींद नहीं आई। मैंने कई रातें जागकर बिताई हैं और सम्भवतया आपने भी बिताई होंगी। अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले यीशु भी रात भर जागा था। उसके चेलों ने थोड़ी बहुत आंख लगा ली होगी (मत्ती 26:40), पर वह बिल्कुल नहीं सोया था। रात के पहले भाग में, यीशु के विचार नींद नहीं आने दे रहे थे; उस रात के अंतिम भाग तक उसके शत्रुओं ने उसे सोने नहीं दिया।

हमारा पिछला पाठ यूहन्ना 14-17 पर था। उन अध्यायों में प्रत्येक विषय पर चर्चा करने के समय हमें नहीं पता कि प्रभु कहां पर था। अध्याय 14 के अन्त में, यीशु ने कहा, ''उठो, यहां से चलें'' (आयत 31ख)। इससे यह संकेत मिल सकता है कि वह और उसके चेले इस समय ऊपरी कमरे से चले गए और 15, 16 और 17 अध्याय की बातें उनके गतसमनी की ओर जाने के समय कही गई थीं।[1] दूसरी ओर, यीशु के ''चलें'' कहने के बाद, उन्हें वहां से निकलने से पहले कुछ समय लग गया होगा (हमारे अतिथि आते हैं, जो कहते हैं, ''हमें जाना है,'' पर निकलते-निकलते उन्हें आधा घण्टा लग जाता है।) पर, इसी दौरान मसीह और ग्यारह चेले ऊपरी कमरे से निकलकर गतसमनी के बाग की ओर

रवाना हो गए (मत्ती 26:30, 36)।[2]

यीशु के विस्तृत संदेश खत्म हो गए थे। यहां से, सुसमाचार के वृत्तांतों के लेखक होमिलेटिक्स[3] के बजाय इतिहास का ध्यान रख रहे थे। तौ भी यीशु के क्रूसारोहण के अंतिम घण्टों से पहले बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

सर्वनाश करने वाली पीड़ा (मत्ती 26:30, 36-46; मरकुस 14:26, 32-42; लूका 22:39-46; यूहन्ना 18:1, 2)

ऊपरी कमरे की सभा एक गीत के साथ समाप्त हुई: ''फिर वे भजन गाकर जैतून पहाड़ पर गए'' (मत्ती 26:30; देखें मरकुस 14:26)। पारम्परिक तौर पर, फसह का पर्व ''हल्लेल[4] भजन गाकर (भजन संहिता 115-118) समाप्त होता था।''[5] क्योंकि मसीह हल्लेल भजनों के लिखने की प्रेरणा देने वाले परमेश्वरत्व का भाग था (2 पतरस 1:21), गीत लिखने वाला अपनी ही रचना गा रहा था। अपने मन में, यीशु और उसके प्रेरितों को परमेश्वर तक अपने स्वर उठाते हुए देखें; स्तुति में एक सुर उनकी आवाज़ें सुनें। उनके द्वारा गाया जाने वाला गीत सम्भवतया हल्लेल का अन्तिम भजन था, जिसका आरम्भ है, ''यहोवा का धन्यवाद करो, क्योंकि वह भला है; और उसकी करुणा सदा की है'' (भजन संहिता 118:1)। ''क्रूस की परछाईं स्तुति के लिए मसीह के मन को ठण्डा नहीं कर पाई।''[6]

अपने प्रेरितों के साथ-साथ तंग गलियों से होता हुआ प्रभु नगर के फाटकों में से किद्रोन नामक तराई को पार करके[7] जैतून पहाड़ की ढलानों पर आ गया (यूहन्ना 18:1; लूका 22:39)। वहां वे ''गतसमनी नामक एक स्थान में'' एक बाग में आए[8] (मत्ती 26:36; देखें मरकुस 14:32) जहां ''यीशु अपने चेलों के साथ ... जाया करता था'' (यूहन्ना 18:1, 2; देखें लूका 21:37)। गतसमनी का परम्परागत स्थान सुनहरी फाटक के पूर्व में सीधे आधे मील से कम है-यह सत्तर गज़ का वर्गाकार पचहत्तर या इससे अधिक जैतून के गांठदार पेड़ों वाला चार दीवारी लगा हुआ बाग है।[9] ''गतसमनी'' यूनानी शब्द का लिप्यंतरण है (इब्रानी या अरामी भाषा से लिया गया) जिसका अर्थ ''कोल्हू'' है। स्पष्टतया यह जैतून के पेड़ों की उपज से तेल निकालने का स्थान था, जिससे इसका नाम जैतून का पहाड़ पड़ गया।

मसीह आठ चेलों को यह ताड़ना देते हुए छोड़ गया (देखें मत्ती 26:36) कि ''प्रार्थना करो, कि तुम परीक्षा में न पड़ो'' (लूका 22:40)। फिर, पतरस, याकूब और यूहन्ना को साथ लेकर (मत्ती 26:37क; मरकुस 14:33क) वह आगे पेड़ों के नीचे चला गया।[10] आने वाली शारीरिक और आत्मिक पीड़ा से परेशान, वह ''बहुत ही अधीर, और व्याकुल होने लगा'' (मरकुस 14:33ख)। अपने तीनों मित्रों को उसने बताया कि ''मेरा जी बहुत उदास है, ... तुम यहीं ठहरो, और मेरे साथ जागते रहो'' (मत्ती 26:38)।

बाग में वह और अन्दर चला गया, फिर ''मुंह के बल गिरा,[11] और यह प्रार्थना करने लगा, कि हे मेरे पिता, यदि हो सके तो यह कटोरा मुझ से टल जाए'' (मत्ती 26:39क; देखें

मरकुस 14:35, 36; लूका 22:42)। ''यह कटोरा'' वाक्यांश उसकी मृत्यु और उसके साथ जुड़ी घटनाओं को कहा गया था। फिर उसने कहा, ''तौ भी जैसा मैं चाहता हूं वैसा नहीं, परन्तु जैसा तू चाहता है वैसा ही हो'' (मत्ती 26:39ख)।

फिर पतरस, याकूब और यूहन्ना के पास आकर उन्हें सोते हुए पाया (मत्ती 26:40)। यह पूछते हुए कि ''हे शमौन तू सो रहा है ? क्या तू एक घड़ी भी न जाग सका ?'' (मरकुस 14:37ख) निराशा से उसका गला भर आया होगा।

मसीह बाग के बीच में जाकर फिर प्रार्थना करने लगा: ''हे मेरे पिता, यदि यह मेरे पीये बिना नहीं हट सकता तो तेरी इच्छा पूरी हो'' (मत्ती 26:42)। उठकर वह तीनों चेलों के पास गया और उन्हें फिर सोते हुए पाया (मत्ती 26:43)। यह पूछने पर कि वे उसके साथ जाग क्यों नहीं पाए,[12] वे ''नहीं जानते थे कि उसे क्या उत्तर दें'' (मरकुस 14:40ख)। उन्हें जागते रहने में अपनी अयोग्यता के कारण परेशान होना पड़ा था और उन्हें पता नहीं चला था कि क्षमा कैसे मांगे। मरकुस ने लिखा है कि ''उन की आंखें नींद से भरी थीं'' (मरकुस 14:40ख), जबकि लूका ने बताया है कि वे ''उदासी के मारे'' सो रहे थे[13] (लूका 22:45)।

इस दृश्य की कल्पना करते हुए पतरस, याकूब और यूहन्ना को मसीह के उनके पास से जाते ही सो जाने की बात मत सोचें, बल्कि उन्हें नींद से लड़ाई करते और हार जाने, उनकी पलकें भारी से भारी होतीं और अन्त में भूमि पर गिरते हुए देखें। हां उन्हें जागते रहना चाहिए था, परन्तु इस बात को समझें कि वे शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए थे।

तीसरी बार, यीशु उन्हें छोड़कर गया और प्रार्थना में उसकी हिम्मत जवाब दे गई: ''और वह अत्यन्त संकट में व्याकुल होकर और भी हृदय वेदना से प्रार्थना करने लगा और उसका पसीना मानो लोहू की बड़ी-बड़ी बून्दों की नाईं भूमि पर गिर रहा था'' (लूका 22:44)। इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने कहा है कि ''उसने ... आंसू बहा-बहाकर ... प्रार्थनाएं और विनती की'' (इब्रानियों 5:7क)। उसकी प्रार्थनाओं के उत्तर में, ''स्वर्ग से एक दूत उस को दिखाई दिया, जो उसे सामर्थ देता था'' (लूका 22:43)।[14]

तीसरी बार अपने चेलों के पास लौटने तक मसीह के मन का तूफ़ान थम गया था। उसने अपने चेलों से कहा, ''अब सोते रहो और विश्राम करो:[15] देखो, घड़ी आ पहुंची है,[16] और मनुष्य का पुत्र पापियों के हाथ पकड़वाया जाता है। ... देखो, मेरा पकड़वाने वाला निकट आ पहुंचा है'' (मत्ती 26:45, 46)।

दुष्टों की तरह गिरफ़्तारी (मत्ती 26:47-56; मरकुस 14:43-52; लूका 22:47-53; यूहन्ना 18:2-11)

मसीह के बोलते हुए ही, बाग में लोगों की बहुत बड़ी भीड़, शायद सैकड़ों लोग वहां आ पहुंचे (देखें मत्ती 26:47क; मरकुस 14:43क; लूका 22:47क)। इस हिंसक भीड़ की अगुआई यहूदा कर रहा था।[17]

दूसरे चेलों को तो नींद आ गई थी, यहूदा को नहीं। महासभा के साथ अपने अनुबंध

को पूरा करने के लिए, उसे उन्हें प्रभु के पास पहुंचाना था (प्रेरितों 1:16ख)। शायद उसने पहले जाकर ऊपरी कमरे में देखा था।[18] अन्तत: वह मसीह के शत्रुओं को जैतून के पहाड़ पर उस जगह ले आया, जहां यीशु उससे और दूसरे प्रेरितों से मिला करता था (यूहन्ना 18:2)।

यहूदा ''महायाजकों और लोगों के पुरनियों की ओर से बड़ी भीड़'' अर्थात महासभा[19] को साथ लेकर आया (मत्ती 26:47; मरकुस 14:43)। भीड़ में ''मन्दिर के पहरुये'' प्रधान याजकों की ओर से भेजे गए थे (लूका 22:52; यूहन्ना 18:3)। ये लोग मन्दिर में यहूदी सुरक्षा बल के अगुवे थे,[20] जिनका संचालन महासभा करती थी। सबसे चौंकाने वाली बात शायद यह है कि इस समूह में रोमी सैनिकों का एक बड़ा दल भी था। स्पष्टतया महासभा ने गिरफ्तारी में सहायता के लिए रोमियों को बुलाया था।[21] यूहन्ना के अनुसार, ''सिपाही और उन के सूबेदार'' (यूहन्ना 18:12; देखें आयत 3) मसीह को पकड़ने वालों में अगुवे थे। रोमी दल आम तौर पर छह सौ सिपाहियों का होता था।[22] ऐसा लगता नहीं है कि इतने लोग यीशु को पकड़ने के लिए आए होंगे; परन्तु मत्ती के वाक्य के प्रकाश में कि ''*बड़ी* भीड़'' बाग में आई (मत्ती 26:47), हो सकता है कि कई सौ सैनिक वहां हों। ये और भीड़ के दूसरे लोग ''तलवारों और लाठियों'' जैसे ''हथियारों'' से लैस होकर आए थे (यूहन्ना 18:3; मत्ती 26:47, 55; मरकुस 14:43, 48; लूका 22:52)।[23]

एक आदमी को गिरफ्तार करने के लिए इतने लोग क्यों भेजे गए थे? शायद उन्हें बताया गया था कि इस आदमी को ''गिरफ्तार नहीं किया जा सकता'' (देखें यूहन्ना 7:30, 44; 10:39)। नि:संदेह उन्होंने उसकी प्रतिष्ठा एक आश्चर्यकर्म करने वाले के रूप में सुनी थी, इसलिए हो सकता है कि उन्हें यह भी बताया गया हो कि उसने एक शब्द से अंजीर के पेड़ को सुखा दिया था (देखें मत्ती 21:19)। कारण जो भी हो, यह एक बे-मेल दृश्य था सैकड़ों सशस्त्र लोग ऐसे आदमी को पकड़ने के लिए आ रहे थे, जिसने कभी किसी दूसरे की हानि नहीं की थी, जिसने अपने अनुयायियों को दूसरी गाल भी फेर लेना सिखाया था (मत्ती 5:39)।

यहूदा ने पहले से योजना बना रखी थी कि यीशु की पहचान के लिए भीड़ को वह क्या इशारा करेगा: उसने प्रभु का अभिवादन अपने गुरु का चेले द्वारा अभिवादन करने की तरह करना था, उसने उसके गाल पर चुम्बन लेना था (मत्ती 26:48; मरकुस 14:44)। मसीह ने ऐसी कपटता की आवश्यकता समाप्त कर दी थी। उसने पूछा, ''किसे ढूंढ़ते हो?'' (यूहन्ना 18:4)। उनके यह कहने पर कि ''यीशु नासरी को,'' यीशु ने दृढ़ता से कहा, ''मैं ही हूं'' (यूहन्ना 18:5)।

उसके यह कहते ही, उसे पकड़ने के लिए आए लोग ''पीछे हटकर भूमि पर गिर पड़े'' (यूहन्ना 18:6)। उनका गिरना प्रभु की ईश्वरीय सामर्थ का प्रदर्शन हो सकता है। अधिक सम्भावना यही है कि वे उसकी ईश्वरीय उपस्थिति से चौंक गए थे।[24] जी. हाल टॉड ने लिखा है, ''वे उसके सामने सहम गए, लज्जित हुए और असुरक्षित हो गए। उसकी पवित्रता के सफ़ेद प्रकाश से उन्हें अपने अपराधी होने का बोध हो गया। ... वे उसे पकड़ने

की उम्मीद से आए थे, पर उसने उन्हें ही पकड़ लिया था।''[25]

मसीह को घबराई हुई भीड़ को याद दिलाना पड़ा कि वे किस लिए आए थे। उसने फिर, कहा, ''तुम किस को ढूंढ़ते हो?'' (यूहन्ना 18:7)। उन्होंने उत्तर दोहराया, ''यीशु नासरी को'' (यूहन्ना 18:8क)। यीशु ने कहा, ''मैं तो तुम से *कह चुका* हूं कि मैं ही हूं'' (यूहन्ना 18:8ख)। फिर, ग्यारह की ओर इशारा करते हुए उसने आगे कहा, ''... यदि मुझे ढूंढ़ते हो तो इन्हें जाने दो'' (यूहन्ना 18:8ग)। हो सकता है कि उसे अपनी चिंता न हो, पर उसे अपने चेलों की भलाई की चिंता अवश्य थी।

प्रभु ने दो बार अपनी पहचान करा दी थी, इसलिए यहूदा द्वारा पहले से बनाई गई इशारा करने की योजना बेकार हो गई थी, परन्तु अपने पैसे लेने के लिए इस पूर्व चेले ने वही करना था। उसने ''यीशु के पास आकर कहा, हे रब्बी नमस्कार; और उस को बहुत चूमा'' (मत्ती 26:49)। मसीह ने अफसोस के साथ पूछा, ''हे यहूदा, क्या तू चूमा लेकर मनुष्य के पुत्र को पकड़वाता है?'' (लूका 22:48)। फिर उसने कहा, ''हे मित्र,[26] जिस काम के लिए तू आया है, उसे कर ले'' (मत्ती 26:50क)।

भीड़ ने शायद यहूदा को यीशु के पास आते देखकर समझ लिया था: यह आश्चर्यकर्म करने वाला क्या करेगा? परन्तु जब यहूदा के साथ कुछ अनर्थ नहीं हुआ, तो उनमें हिम्मत आ गई। आगे बढ़कर ''उन्होंने ... यीशु पर हाथ डाले, और उसे पकड़ लिया'' (मत्ती 26:50ख; यूहन्ना 18:12)।[27] उस समय से लेकर अपनी मृत्यु तक यीशु के हाथ खाली नहीं हुए थे, क्योंकि रस्सियों से बांधने के बाद उनमें कील ठोंक दिए गए (मरकुस 15:1; यूहन्ना 18:12; 20:25)।

यीशु के चेलों ने उसके साथ मरने के लिए अपनी तैयारी का दावा किया था (मरकुस 14:31)। अब वे अपनी प्रतिज्ञा पर खरे उतरने को तैयार थे (लूका 22:49)। पतरस ने अपनी तलवार निकाल ली[28] ''और महायाजक के दास पर चलाकर,[29] उसका दाहिना कान उड़ा दिया'' (यूहन्ना 18:10)। इस प्रेरित ने उस सेवक का सिर काटना चाहा होगा पर वह आदमी बच गया। किसी ने कहा है, ''एक तलवारबाज़ी ने, पतरस को एक अच्छा मछुआरा बना दिया।''

यीशु को तुरन्त कार्यवाही करनी आवश्यक थी, वरना वहां दंगा हो जाता। बाग की भूमि पतरस और दूसरे चेलों के लहू से सिंच जाती। प्रभु ने चिल्लाकर पतरस से कहा, ''अब बस करो''; ''अपनी तलवार म्यान में रख ले, क्योंकि जो तलवार चलाते हैं वे सब तलवार से नष्ट किए जाएंगे'' (लूका 22:51क; मत्ती 26:52)। आत्मिक युद्ध तलवारों से नहीं लड़े जाते (2 कुरिन्थियों 10:3, 4; देखें यूहन्ना 18:36)। पतरस की नीयत अच्छी हो सकती है, पर उसने ''गलत समय पर, गलत उद्देश्य के लिए गलत मंशा से गलत हथियार का इस्तेमाल किया।''[30]

यदि बचाव ही करना होता, तो यीशु तलवारबाज़ से बड़ी सामर्थ का इस्तेमाल कर सकता था। उसने पतरस को बताया, ''क्या तू नहीं समझता, कि मैं अपने पिता से विनती कर सकता हूं, और वह स्वर्गदूतों की बारह पलटन से अधिक मेरे पास अभी उपस्थित कर

देगा ?'' (मत्ती 26:53)। एक पलटन में छह हज़ार सिपाही होते थे। बहत्तर हज़ार स्वर्गदूत यीशु को गिरफ्तार करने आए कई सौ लोगों को खदेड़ने के लिए काफ़ी होते![31]

सुझाव दिया गया है कि मसीह ने ''बारह'' अंक का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि वह और ग्यारह चेले कुल मिलाकर बारह थे और हर एक की रक्षा के लिए एक पलटन काफ़ी थी। सम्भवतया, इस अंक का इस्तेमाल उस अत्यधिक बल को दर्शाने के इरादे से किया गया होगा। प्रभु के कहने का अर्थ वही था, जो उसने पहले कहा था: किसी मनुष्य या मनुष्यों के समूह में उससे उसका प्राण लेने की सामर्थ नहीं थी; बल्कि, उसने इसे अपनी इच्छा से देना था (यूहन्ना 10:17, 18; देखें गलातियों 2:20)।[32]

पतरस को डांटने के बाद, यीशु ने अपने बंधे हुए हाथ निकाले,[33] घायल सेवक के कान को छुआ ''और उसे अच्छा किया''[34] (लूका 22:51ख)। उसके इस काम से एक बहुत बड़ी विघटनकारी परिस्थिति टल गई। यह अपनी मृत्यु से पहले प्रभु का चंगाई का अन्तिम आश्चर्यकर्म था।

मसीह ने अपने पकड़ने वालों की ओर मुंह करके कहा, ''क्या तुम मुझे डाकू जानकर तलवारें और लाठियां लिए हुए निकले हो ? जब मैं मन्दिर में हर दिन तुम्हारे साथ था, तो तुम ने मुझ पर हाथ न डाला; पर यह तुम्हारी घड़ी है, और अंधकार का अधिकार है'' (लूका 22:52, 53)। इस वाक्य के अंतिम शब्दों का अर्थ है ''विजय की यह तुम्हारी घड़ी है, जिसमें अंधकार की शक्ति जीतती हुई प्रतीत होती है।''[35]

अब तक, यीशु के चेलों को स्पष्ट हो गया होगा कि कोई भौतिक लड़ाई नहीं होगी। उपेक्षित, निराश और घबराए हुए वे मसीह को छोड़कर चले गए, जैसा उसने पहले ही बता दिया था (मत्ती 26:56; देखें आयत 31)। पतरस और यूहन्ना बाद में ''दूर ही दूर'' गिरफ्तार करने वाले दल के पीछे-पीछे गए (मत्ती 26:58; मरकुस 14:54; लूका 22:54; देखें यूहन्ना 18:15); परन्तु व्यावहारिक दृष्टि से मसीह अकेला ही था। (निश्चय ही, वह वास्तव में अकेला नहीं था, क्योंकि पिता उसके साथ था [यूहन्ना 16:32]।)

मरकुस ने वृत्तांत में एक जवान के एक चादर या रात के समय पहनने वाला वस्त्र ओढ़े होने की एक अजीब घटना जोड़ी, जो नंगा भाग गया, जब वे उसे पकड़ने लगे (मरकुस 14:51, 52)। अधिकतर लेखकों का मानना है कि वह जवान स्वयं मरकुस ही था।[36] हो सकता है कि यह इस वृत्तांत की सच्चाई की गवाही देने का ढंग हो; हो सकता है कि वह यह कहना चाहता हो कि ''मैं वहीं था और मुझे *मालूम* है।'' यानी हो सकता है कि मरकुस यह कहना चाहता हो कि ''चेलों का न्याय इतनी कड़ाई से न करें। यदि आप वहां होते, तो आप भी भाग जाते। मुझे मालूम है, *मैंने* ऐसा ही किया है।''

निराशाजनक दोषारोपण (मत्ती 26:57, 59-68; मरकुस 14:53, 55-65; लूका 22:54, 63-65; यूहन्ना 18:12-14, 19-24)

बाग में मसीह की गिरफ्तारी के समय आधी रात या इसके बाद का समय था।[37] उसे

बांधकर यरूशलेम की तंग अंधकार भरी गलियों में से ले जाया गया। वे ''उसे हन्ना के पास ले गए'' (यूहन्ना 18:13क)।[38]

यीशु का मुकदमा यहूदियों के सामने और फिर रोमियों के सामने हुआ। हर ''मुकदमे'' के तीन चरण थे। मैंने ''मुकदमा'' को उद्धरण चिह्नों में रखा है, क्योंकि दोनों ही न्याय का दिखावा थे। यहूदी ''मुकदमे'' में, दोष या निर्दोषता को ढूंढ़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया था। यहूदी अगुओं ने न्याय करने से पहले ही यीशु को मृत्यु दण्ड दे दिया था (यूहन्ना 11:47-53; देखें मत्ती 26:4; मरकुस 14:1); यीशु पर ''मुकदमा'' करने का उनका उद्देश्य न्याय करना नहीं, बल्कि स्वयं न्यायोचित ठहरना था, यानी पहले से ठहराए हुए अपने निर्णय को उचित ठहराना था (मत्ती 26:59; देखें मरकुस 14:55)।

यहूदी ''मुकदमे'' का पहला चरण हन्ना द्वारा जांच थी।[39] हन्ना ''उस वर्ष के महायाजक कायफ़ा का ससुर था'' (यूहन्ना 18:13ख)। हन्ना स्वयं ''रोमी हाकिम विलेरियुस ग्रेटस द्वारा हटाए जाने से पहले, 6-15 ईस्वी तक महायाजक था।''[40] क्योंकि व्यवस्था के अनुसार महायाजक का पद जीवन काल के लिए था, इसलिए अधिकतर लोग हन्ना को ही असली महायाजक मानते थे।[41] विचाराधीन आयतों में, हन्ना और कायफ़ा दोनों को ही ''महायाजक'' कहा गया है (यूहन्ना 18:13, 19, 22, 24; देखें प्रेरितों 4:6)।[42] लूका ने ''हन्ना *और* कायफ़ा महायाजक'' लिखा था (लूका 3:2)।

हम पूरे विश्वास के साथ नहीं कह सकते कि मसीह को पहले हन्ना के पास क्यों ले जाया गया। हो सकता है कि पूर्व महायाजक के प्रति सम्मान दिखाने के लिए उसे उसके पास ले जाया गया हो। हो सकता है कि उस बुज़ुर्ग ने यीशु को देखने में दिलचस्पी जताई हो (हेरोदेस की तरह; लूका 23:8)। हो सकता है कि उसके शत्रुओं को लगा हो कि बुद्धिमान राजनीतिज्ञ उसके विरुद्ध आरोप लगाने में उनकी सहायता कर सकता था। शायद महासभा के सदस्यों के इकट्ठा होने के समय इसे लाभदायक समय माना गया था।[43]

हन्ना ने यीशु के ''चेलों के विषय में और उसके उपदेश के विषय में'' बेतुके प्रश्न पूछते हुए जांच आरम्भ की (यूहन्ना 18:19)। मसीह ने उत्तर दिया, ''मैं ने जगत से खोलकर बातें कीं; ... सभाओं और आराधनालय में'' (यूहन्ना 18:20)।[44] उसने यह कहते हुए कि ''तू मुझ से क्यों पूछता है? सुनने वालों से पूछ कि मैंने उनसे क्या कहा'' (यूहन्ना 18:21) वहां उपस्थित कुछ लोगों की ओर इशारा किया होगा।

इस पर, ''प्यादों में से एक ने जो पास खड़ा था, यीशु को थप्पड़ मारकर कहा, क्या तू महायाजक को इस प्रकार उत्तर देता है?'' (यूहन्ना 18:22)। यह मसीह को शारीरिक रूप से सताए जाने का उस दिन का आरम्भ ही था। यीशु ने उत्तर दिया, ''यदि मैंने बुरा कहा, तो उस बुराई की गवाही दे; परन्तु यदि भला कहा, तो मुझे क्यों मारता है?'' (यूहन्ना 18:23)। मार्टिन लूथर ने लिखा है कि प्रभु हाथ से अपने बचाव को मना करता है, परन्तु मुंह से नहीं।[45]

इसके बाद, यहूदी ''मुकदमे'' के दूसरे चरण के लिए ''हन्ना ने उसे बन्धे हुए कायफ़ा महायाजक के पास भेज दिया'' (यूहन्ना 18:24)।[46] हो सकता है कि कायफ़ा का घर हन्ना

के घर के पास ही हो।[47] यूहन्ना ने कायफ़ा को ''जिसने यहूदियों को सलाह दी थी कि हमारे लोगों के लिए एक पुरुष का मरना अच्छा है'' के रूप में पहचाना (यूहन्ना 18:14; देखें 11:49-52)।

''सब प्रधान याजक और पुरनिये और शास्त्री'' यानी ''पूरी महासभा'' कायफ़ा के घर के (लूका 22:54) ऊपरी कमरे में (देखें मरकुस 14:66) ''इकट्ठी हो गई'' (मरकुस 14:53, 55)। यीशु को मृत्यु दण्ड देने का आधार ढूंढ़ने के उद्देश्य से ''कम से कम रात्रि की खानापूर्ति के लिए महासभा के उतने ही लोगों को बुलाया गया था।''[48]

मसीह के शत्रुओं ने ''अपनी पूर्वधारणा की दूरबीन से साढ़े तीन वर्षों के उसके जीवन में केवल एक छिद्र ढूंढ़ना चाहा'' और ''उसके विरुद्ध उसमें उन्हें कुछ नहीं मिला।''[49] अब ''यीशु को मार डालने के लिए उसके विरोध में झूठी गवाही'' ढूंढ़ी गई पर ''बहुत से झूठे गवाहों के आने पर भी गवाही न मिली'' (मत्ती 26:59, 60; देखें निर्गमन 20:16)। समस्या यह थी कि गढ़ी हुई कहानियां मिलाने के लिए उन्हें कम से कम दो गवाह चाहिए थे (व्यवस्थाविवरण 17:6; 19:15), परन्तु झूठी गवाही भी ''एक सी न थी'' (मरकुस 14:56)।

''अन्त में, दो जन आए और कहा, इसने कहा है कि मैं परमेश्वर के मन्दिर को ढहा सकता हूं और उसे तीन दिन में बना सकता हूं'' (मत्ती 26:60ख, 61)। कुछ वर्ष पूर्व, यहूदियों के चिह्न मांगने की विनती पर मसीह ने उत्तर दिया था, ''इस मन्दिर को ढहा दो, और मैं इसे तीन दिन में खड़ा कर दूंगा,'' यह उसने ''अपनी देह के मन्दिर के विषय में कहा था'' (यूहन्ना 2:19, 21)। परन्तु उसने यह कदापि *नहीं* कहा था कि वह मन्दिर को गिरा देगा। इन दोनों ने झूठ बोला था, पर इनकी झूठी गवाही भी आपस में मेल नहीं खाती थी (मरकुस 14:59)।[50]

कायफ़ा की परेशानी बढ़ती जा रही होगी। घबराकर उसने यीशु की ओर मुंह करके उससे पूछा, ''क्या तू कोई उत्तर नहीं देता? ये लोग तेरे विरोध में क्या गवाही देते हैं?'' (मत्ती 26:62)। मसीह ने कोई उत्तर नहीं दिया, बल्कि शान से चुपचाप खड़ा रहा (मत्ती 26:63क; देखें यशायाह 53:7; प्रेरितों 8:32, 35; 1 पतरस 2:23)।

निराशा में, महायाजक ने उससे कहा, ''मैं तुझे जीवते परमेश्वर की शपथ देता हूं, कि तू परमेश्वर का पुत्र मसीह है, तो हम से कह दे'' (मत्ती 26:63ख)। ''मैं तुझे जीवते परमेश्वर की शपथ देता हूं'' किसी व्यक्ति को शपथ दिलाने का यहूदी ढंग था।[51]

कायफ़ा को यीशु से उत्तर मिलने की बहुत कम आशा होगी। उस समाज में, जैसा कि आज कई जगह होता है, आरोपी व्यक्ति को अपने विरुद्ध गवाही देने के लिए विवश नहीं किया जा सकता था। मसीह ने पहले यहूदी अगुवे का उत्तर नहीं दिया था; और यदि उसके लिए चुप रहने का उपयुक्त समय था तो वह यही था। यदि उसने बोलने से इनकार कर दिया, तो महायाजक के पास कोई तरीका नहीं था। सबसे बड़े खतरे के क्षण में प्रभु ने बात की। उसने कहा, ''मैं हूं'' (मरकुस 14:62क)।[52]

उसने आगे कहा, ''तू ने आप ही कह दिया; वरन मैं तुम से यह भी कहता हूं, कि अब

से तुम मनुष्य के पुत्र को सर्वशक्तिमान की दहिनी ओर बैठे और आकाश के बादलों पर आते देखोगे'' (मत्ती 26:64ख; देखे दानिय्येल 7:13; भजन संहिता 110:1)। उस समय तो यीशु अपमानित हो रहा था, परन्तु थोड़ी देर बाद ही उसे अपने पिता के दाहिने हाथ लौट जाना था। फिर कायफ़ा ने नहीं, उस ने सामर्थ के स्थान पर होना था!

महायाजक को यीशु के उत्तर से प्रसन्न होना चाहिए था, परन्तु लगा कि वह बहुत दुखी हुआ है। उसने अपने वस्त्र फाड़ डाले-जो गहरे सदमे को दिखाने का प्रतीक था और कहा, ''इस ने परमेश्वर की निन्दा की है, अब हमें गवाहों का क्या प्रयोजन?'' (मत्ती 26:65)। मूसा की व्यवस्था के अनुसार, परमेश्वर के नाम की निंदा करने का दण्ड मृत्यु था (लैव्यव्यवस्था 24:16)। यहूदी व्यवस्था के अनुसार, यीशु परमेश्वर की निंदा का दोषी नहीं था,[53] परन्तु कायफ़ा को कानूनी परिभाषाओं में दिलचस्पी नहीं थी। उसके लिए इतना ही काफ़ी था कि यीशु ने ''मसीह, अर्थात परमेश्वर का पुत्र'' होना स्वीकार कर लिया है (जिससे उसने अपने आप को परमेश्वर के समान बनाया है; देखें यूहन्ना 5:18) और मसीहा से सम्बन्धित शब्द ''मनुष्य का पुत्र'' अपने लिए इस्तेमाल किया था। महायाजक झल्ला उठा ''इसने परमेश्वर की निंदा की है!''

कायफ़ा ने महासभा से कहा, ''देखो, तुम ने अभी यह निंदा सुनी है! तुम क्या समझते हो?'' (मत्ती 26:66क)। ''उन्होंने उत्तर दिया, यह वध होने के योग्य है'' (मत्ती 26:66ख)। यह महासभा की औपचारिक घोषणा नहीं थी; वह तो सूर्य उदय होने के कुछ देर बाद आनी थी (देखें लूका 22:66-23:1)। तौ भी, वे इस बात से संतुष्ट थे कि उन्होंने मृत्यु के अपने ठहराए दण्ड को उचित ठहराने का रास्ता निकाल लिया है।

उद्देश्य पूरा हो जाने के बाद (उन्हें लगा था), महासभा के सदस्यों ने अपनी दबी हुई घृणा को खुला छोड़ दिया: यीशु की आंखें बांध दी गईं (मरकुस 14:65; देखें लूका 22:64)। फिर कइयों ने ''उस के मुंह पर थूका, और उसे घूंसे मारे, औरों ने थप्पड़ मार कर कहा। हे मसीह, हम से भविष्यवाणी करके कह: कि किस ने तुझे मारा?'' (मत्ती 26:67, 68)।[54] ''प्यादों ने'' ''जो यीशु को पकड़े हुए थे'' उस पर थूका, उसे मारा और उसे ठट्ठे किए (मरकुस 14:65; लूका 22:63, 64)।[55] ''और उन्होंने बहुत सी और भी निंदा की बातें उसके विरोध में कहीं'' (लूका 22:65)। इस प्रकार, मसीह के शत्रुओं ने भोर होने तक कई घण्टे बिताए।

सारांश

लम्बी रात आखिर खत्म होने लगी, परन्तु लम्बा दिन अभी बाकी था-जिसने यीशु की मृत्यु में चरम पर पहुंचना था। अभी बहुत से अत्याचार और अन्याय सहे जाने थे। हमारा अगला पाठ पतरस के इनकार की कहानी से आरम्भ होकर प्रभु के और ''मुकदमों'' की कहानी तक जाएगा।

नोट्स

इस पाठ का अलग शीर्षक ''नींद रहित रात'' हो सकता है। नीचे इन आयतों के अन्य ढंगों के लिए कुछ विचार दिए गए हैं।

यीशु का पकड़वाने वाला

यहूदा पर पात्र प्रवचन सुनाने का यह एक और स्थान है।

बाग में यीशु के क्षण

इस पाठ के बाद गतसमनी पर एक प्रवचन है, जिसमें विवरणात्मक प्रवचन के लिए नोट्स भी हैं। यह तथ्य कि अपनी मृत्यु के निकट आने पर यीशु ने अपने चेलों की संगति चाही, अकेलेपन पर प्रवचन आरम्भ करने का काम कर सकता है। (एक सम्भावित शीर्षक है ''अकेलेपन पर काबू पाना।'')

चंगाई का यीशु का अन्तिम आश्चर्यकर्म

मलखुस के कान की घटना का इस्तेमाल इस विषय पर कि यदि कोई पूर्ण सच्चाई को चाहता हो बाइबल की *सभी* बातों की अवश्यकता पर प्रस्तुति के लिए स्प्रिंग बोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है (मलखुस के कान की घटना के कई विवरण सुसमाचार के कुछ वृत्तांतों में मिलते हैं परन्तु दूसरों में नहीं।) यह विचार उद्धार की शर्तों के बारे में बाइबल की *सभी* बातों पर प्रवचन में ले जा सकता है।

यीशु की परीक्षाएं

हमारे पाठ में एक और विषय जो अपने आप को प्रवचन के रूप में ले जाता है, यीशु की परीक्षाएं है।

टिप्पणियां

[1]कुछ लोगों का मत है कि अध्याय 15 से 17 के रूपक का कुछ भाग ऊपरी कमरे से गतसमनी में जाने के सफ़र पर देखे गए दृश्यों से प्रेरित होकर कहा गया था (पुस्तक में पीछे ''प्रभु के लिए फल लाना'' देखें।) यदि ऐसा था भी, तो यूहन्ना 15–17 में कहे गए शब्द उनके किद्रोन के पास जाने से *पहले* उनके नगर में रहने के समय ही कहे गए थे (देखें यूहन्ना 18:1)। [2]मरकुस 14:26–32 के अनुसार, यीशु ने उनके ऊपरी कमरे से जाने और गतसमनी में पहुंचने के बीच के समय में *कुछ* बातें कीं, परन्तु हमें यह पता नहीं है कि उसने उस छोटे दौरे पर कोई बात कही हो। [3]''होमिलेटिक्स'' संदेश (प्रवचन) तैयार करने तथा पेश करने को कहा जाता है। [4]''हल्लेल'' ''स्तुति'' के लिए इब्रानी शब्द का लिप्यंतरण है। [5]जैक पी. लूईस, *द गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मैथ्यू, भाग 2,* द लिविंग वर्ड कमैन्ट्री सीरीज़, सम्पादक एवरेट फर्ग्यूसन (अबिलेन, टैक्सस: एसीयू प्रैस, 1976), 148. [6]जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़*

द *फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैंडर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 685. [7]पृष्ठ 180 पर ''यरूशलेम नगर (यीशु के अंतिम घण्टों के सुझाए गए मार्गों के साथ)'' मानचित्र देखें। [8]गतसमनी में कठिन परीक्षा पर अतिरिक्त विवरणों के लिए, पृष्ठ 98 पर ''बाग में'' पाठ देखें। [9]यह वाक्य एच. आई. हेस्टर, द *हार्ट ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट* (लिबर्टी, मिज़ोरी: क्वालिटी प्रैस, 1963), 199 से लिया गया। आजकल के गाइड दावा करते हैं कि यीशु ने जैतून के पेड़ों के नीचे ही प्रार्थना की थी, परन्तु, प्राचीन इतिहासकारों के अनुसार, रोमी आक्रमण के समय यरूशलेम का विनाश किए जाने पर सभी वृक्ष नष्ट कर दिए गए थे। परन्तु यह सही है कि आज के वृक्ष बहुत, बहुत पुराने हैं। [10]''वह आप उनसे अलग एक ढेला फैंकने की दूरी पर गया ...'' (लूका 22:41)। पत्थर कितनी दूर जाता है ? यह फैंकने वाले पर निर्भर करता है। जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने अनुमान लगाया है कि यह दूरी 150 से 200 फुट की रही होगी (मैक्गर्वे एण्ड पैंडलटन, 686)।

[11]बाइबल से बाहर की एक पुरानी परम्परा है कि यीशु ने एक बड़ी चट्टान के साथ घुटने टेके। गतसमनी के यीशु के प्रसिद्ध चित्रों में इस काल्पनिक चट्टान को दिखाया गया है। वचन के अनुसार, यीशु *भूमि* पर मुंह के बल गिरा। [12]यीशु के प्रश्न का संकेत मिलता है। [13]कुछ लोगों पर उदासी का इतना असर होता है। दबाव का एक सामान्य लक्षण सोते रहने की इच्छा है। [14]स्वर्गदूत अक्सर यीशु के जीवन तथा सेवकाई में उसके साथ होते थे। उदाहरण के लिए, उसके जन्म के समय उन्होंने गाया (लूका 2:13, 14) और जंगल में उसकी परीक्षा के बाद उसकी सेवा की (मत्ती 4:11)। बाद में, उन्होंने उसके जी उठने की घोषणा की (मत्ती 28:2, 5, 6)। [15]इस वाक्य के पहले भाग को ''इसलिए सोते रहो'' भी अनुवाद किया जा सकता है (देखें KJV)। यदि यीशु ने यही कहा, तो इसका अर्थ इन पंक्तियों के साथ मिलता-जुलता है: ''जहां तक मेरी चिंता की बात है, तुम सोते रहो और आराम करो, क्योंकि मेरे आराम करने या सहायता का समय पूरी तरह से बीत गया है'' (मैक्गर्वे एण्ड पैंडलटन, 688). [16]''घड़ी'' उसकी मृत्यु के समय को कहा गया है। यीशु इस ''घड़ी'' की ओर ही आगे बढ़ रहा था (देखें यूहन्ना 2:4; 7:30; 8:20; 12:23, 27; 13:1; 17:1)। [17]मसीह की गिरफ्तारी से सम्बन्धित घटनाओं को कई प्रकार से क्रमबद्ध किया जा सकता है। इस पाठ में इस्तेमाल किया गया क्रम एक ढंग है। [18]पृष्ठ 90 पर मरकुस 14:51, 52 पर टिप्पणियां देखें। [19]महासभा के प्रतिनिधि भी वहीं थे (लूका 22:52)। यूहन्ना ने देखा कि यह समूह ''फरीसी'' (यूहन्ना 18:3) था; महासभा में फरीसियों की काफ़ी चलती थी (प्रेरितों 23:1, 6)। [20]पुराने नियम के अनुसार, लेवियों को इस प्रकार का कर्त्तव्य निभाना होता था; शायद यह लेवी थे, शायद नहीं।

[21]रोमी सिपाही यरूशलेम में विशेषकर किसी प्रकार की विघटनकारी घटना को रोकने के लिए थे। महायाजकों ने रोमी सेनापति को विश्वास दिलाने के लिए कि उसके लोग साथ हों यीशु के बारे में काफ़ी बढ़ा चढ़ाकर बताया होगा। [22]यूहन्ना 18:12 में यूहन्ना ने ''सैनिक टुकड़ी'' के लिए रोमी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द के लिए यूनानी भाषा का शब्द इस्तेमाल किया। दस दस्तों का एक दल बनता था, जिसमें छह हज़ार सिपाही होते थे। पर्व के दिनों में, रोमी सिपाहियों की संख्या रोमी राज्यपाल द्वारा किसी प्रकार के दंगे को शांत करने के लिए बहुत बढ़ा दी जाती थी। उन्हें एंटोनिया के किले में रखा जाता था, जो मन्दिर के प्रांगण के उत्तर पश्चिमी कोने में था। [23]फसह का पर्व पूर्णिमा के समय होने के बावजूद वे मशालें भी लाए थे (यूहन्ना 18:3)। उन्होंने सोचा होगा कि यीशु भागने की कोशिश करेगा और वे उसे बाग की छाया में ढूंढ़ लेंगे। [24]अपनी ईश्वरीय उपस्थिति से यीशु ने मन्दिर से लेन-देन करने वालों को निकाला था (मरकुस 11:15; यूहन्ना 2:15)। [25]जी. हाल टॉड, द *गैम्बलर्स एट गोलगोथा* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1958), 39. [26]''हे मित्र'' शब्द विडम्बना से बना है। यीशु यहूदा को अपना मित्र बनाना चाहता था, पर यहूदा ने यीशु की मित्रता को ठुकरा दिया। [27]रोमी सिपाहियों ने यीशु की गिरफ्तारी में मन्दिर के यहूदी पहरेदारों के साथ सहयोग किया (यूहन्ना 18:12), परन्तु वे गिरफ्तार करने वाले दल के साथ कितना समय रहे, यह पता नहीं है। किसी समय, उनका काम पूरा हो गया, तो उन्होंने यीशु को यहूदियों के हाथ छोड़ दिया होगा (तुलना करें प्रेरितों 22:30)। [28]पहले, प्रेरितों ने कहा था कि उनके पास दो तलवारें हैं (लूका 22:38); उनमें से कम से कम एक तलवार बाग में लाई गई थी। [29]यूहन्ना, जो महायाजक के घर वालों को जानता था (यूहन्ना 18:15, 16) ने देखा कि उस दास का नाम मलखुस था। कुछ लोगों ने अनुमान लगाया है कि यूहन्ना ने अपने

पाठकों से उम्मीद की कि वे जानते होंगे कि मलखुस कौन था, जो इस बात का संकेत है कि मलखुस अन्ततः एक मसीही बन गया। यूहन्ना ही एकमात्र लेखक है जिसने होने वाले तलवारबाज़ का नाम लिया शायद इसलिए क्योंकि उसके अपना वृत्तांत लिखे जाने के समय पतरस मर चुका था और रोमियों के हाथों उसे और कष्ट नहीं दिया जा सकता था। [30]वारेन डब्ल्यू वियर्सबे, *द बाइबल एक्सपोजिशन कमैन्ट्री*, अंक 1 (व्हीटन, इलिनोयसः विक्टर बुक्स, 1989), 162.

[31]वास्तव में, *एक ही* स्वर्गदूत काफ़ी होना था। [32]यीशु ने ज़ोर देकर कहा कि उसकी मृत्यु पवित्र शास्त्र की बात का पूरा होना ही है (मत्ती 26:54, 56)। [33]यह घटना यीशु के हाथ बांधने से पहले हुई हो सकती है। यदि ऐसा हुआ, तो यीशु ने खुला हाथ आगे किया। [34]हमें इस चंगाई का विवरण नहीं दिया गया कि प्रभु ने कटा हुआ कान वापस लगाया या कैसे किया-परन्तु साधारणतया चंगाई पाने वाला कान काटे जाने से पहले की स्थिति से बेहतर था। [35]यह थोड़ी देर की विजय थी, जिसे सप्ताह के पहले दिन यीशु के पुनरुत्थान ने नष्ट कर दिया गया था। [36]हमने देखा है कि यूहन्ना ने कई बार अपने सुसमाचार के वृत्तांत में अपने आप को अन्य पुरुष के रूप में इस्तेमाल किया है; मरकुस ने भी ऐसा ही किया हो सकता है। मरकुस की माता यरूशलेम में रहती थी (प्रेरितों 12:12, 25); जैसा कि पहले देखा गया है कि यह हो सकता है कि उसका घर प्रभु भोज वाली जगह ही हो। वह जवान यीशु और उसके चेलों के पीछे चला या नहीं जब वे ऊपरी कमरे से गए या वह बाद में बाग में गया, यह स्पष्ट नहीं है। यदि यहूदा पहले भीड़ को ऊपरी कमरे में ले गया, तो मरकुस उस भीड़ के पीछे गया होगा जहां मसीह था। जवान ने किसी प्रकार यह संकेत दिया होगा कि वह यीशु का चेला है, क्योंकि भीड़ ने "उसे पकड़ा" (मरकुस 14:51)। [37]फसह का पर्व, जो दो या तीन घण्टे चलता था, सूर्यास्त के शीघ्र बाद आरम्भ हो गया था (लगभग 6 बजे सायं) इसके बाद लम्बा संदेश और यूहन्ना 14-17 की प्रार्थना हुई थी। फिर यीशु और चेले गतसमनी को चले गए, जहां प्रभु ने एक घण्टे से अधिक प्रार्थना की। यह सम्भवतया आधी रात या 1 बजे प्रातः का समय था, जब यहूदा भीड़ को लेकर आ गया। [38]केवल यूहन्ना ही हन्ना के पास ले जाने की बात बताता है। यहूदी "मुकदमे" के बारे में, यूहन्ना का वृत्तांत, जो दशकों बाद लिखा गया, सुसमाचार के समानांतर वृत्तांतों से लेकर नहीं, बल्कि उनके साथ और जोड़ता है। [39]यीशु के "मुकदमों" के कुछ पहलू पुस्तक में आगे "आपका निर्णय क्या है?" पाठ में मिलते हैं। [40]एफ़. लेगर्ड स्मिथ, *द नैरेटेड बाइबल इन क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर* (यूजीन, ओरिगनः हार्वेस्ट हाउस पब्लिशर्स, 1984), 1467.

[41]पुस्तक में "यरूशलेम नगर (यीशु के अंतिम घण्टों के सुझाए गए मार्गों के साथ)" का मानचित्र देखें। [42]सम्माननीय शीर्षक, जैसे "प्रधान" आम तौर पर गद्दी से उत्तर जाने के बाद भी इस्तेमाल किए जाते हैं। [43]महासभा के प्रतिनिधि गिरफ्तारी के लिए वहीं थे (लूका 22:52), परन्तु गिरफ्तारी के बाद कुछ से सम्पर्क करना आवश्यक था। [44]यीशु की बात कि उसने "गुप्त में कुछ नहीं कहा" का अर्थ यह नहीं है कि उसने अपने चेलों को अकेले में शिक्षा नहीं दी थी (मरकुस 4:34; लूका 10:23), परन्तु एकांत में दी गई उसकी शिक्षा सार्वजनिक तौर पर दी गई उसकी शिक्षा के विपरीत नहीं थी। इसके अलावा एकांत में सिखाने का उसका उद्देश्य कुछ छिपाना नहीं था (देखें मत्ती 10:27)। [45]मैक्गर्वे एण्ड पैंडलटन, 695. लूथर के मन में दूसरा गाल मोड़ देने के बारे में यीशु की शिक्षा थी (मत्ती 5:39)। [46]पतरस के इनकार की कहानी कायफ़ा के सामने यीशु के दोष निकालने की कहानी के साथ इधर-उधर बिखर जाती है; परन्तु अपने उद्देश्य के लिए हम कायफ़ा से पहले मसीह की कहानी का अध्ययन करेंगे और फिर (अगले पाठ के आरम्भ में) पतरस के इनकार का अध्ययन करेंगे। [47]कुछ लोगों का विचार है कि हन्ना और कायफ़ा का एक ही दरबार था। परन्तु हाल ही की खुदाइयों से संकेत मिलता है कि एक-दूसरे से थोड़ी दूरी पर दो घर थे। [48]रॉबर्ट एल. थॉमस, सम्पादक, एण्ड स्टैनली एन. गुंडरी, एसोसिएशन, सम्पादक, *ए हारमनी ऑफ़ द गॉस्पल्स* (शिकागोः मूडी प्रैस, 1978), 329. यह लगभग अवैधानिक पेशी थी (पुस्तक में आगे "आपका निर्णय क्या है?" पाठ देखें)। ऐसा लगता नहीं है कि यीशु का पक्ष लेने वाले सभा के किसी सदस्य (निकुदेमुस और अरिमतिया के यूसुफ की तरह [यूहन्ना 7:50; लूका 23:50, 51]) को इस विशेष सत्र में निमन्त्रण दिया गया हो। [49]रिचर्ड रोजर्स, *द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट एण्ड हिज़ टीचिंग* (लब्बॉक, टैक्ससः सनसैट इन्टरनैशनल बाइबल इंस्टीट्यूट एक्सटरनल स्टडीज़ डिपार्टमैंट, 1995), 95. [50]कम से कम सभा के कुछ सदस्य समझ गए होंगे कि यीशु

अपनी देह की बात कर रहा था, न कि ईंट-पत्थरों के मन्दिर की (देखें मत्ती 27:63)। जो भी कारण हो, उन्होंने यीशु के मुकदमे के दौरान यह आरोप नहीं लगाया। परन्तु यही चर्चा बाद में महासभा में होती थी, जब स्तिफनुस को सभा में खींचा गया था (देखें प्रेरितों 6:13, 14)।

[51]इसलिए कायफ़ा को दिया गया यीशु का उत्तर शपथ के अधीन था। इस उदाहरण से हमें पता चलता है कि शपथों के विरुद्ध यीशु की शिक्षा (मत्ती 5:34) में सरकारी शपथें शामिल नहीं थीं। [52]मत्ती ने यीशु का उत्तर ''तू ने आप ही कह दिया'' के रूप में लिखा है (मत्ती 26:64), जो ''हां'' कहने का एक मुहावरेदार ढंग है। यीशु ने पहले सार्वजनिक तौर पर माना था कि वह ख्रिस्तुस है (वह मसीहा जिसकी राह यहूदी लोग देख रहे थे) (यूहन्ना 5:17, 18; 10:30-39; देखें मत्ती 22:41-46), परन्तु स्पष्टतया महायाजक को इस दावे के लिए कोई गवाह नहीं मिल पाया, या कम से कम गवाहों की गवाही नहीं मिल पाई। [53]''आपका निर्णय क्या है?'' पाठ में चर्चा देखें। [54]बच्चों का एक पुराना खेल है, जिसमें एक बच्चे की आंखें बांध दी जाती हैं और उसे अनुमान लगाना होता है कि उसे किसने छुआ या कौन बोल रहा है। (जब मैं छोटा था तो हम इसे ''आंख मिचौनी'' कहते थे।) यीशु के शत्रु ऐसे ही खेल के तंग सोच वाले बिगाड़ लगते थे। [55]मत्ती के वृत्तांत से यह प्रभाव मिलता है कि *सभा* ने यीशु पर आरोप लगाया, जबकि लूका के वृत्तांत से दोष *अधिकारियों* पर जाता है। मरकुस के वृत्तांत से संकेत मिलता है कि *दोनों ने ही* प्रभु के साथ दुर्व्यवहार किया। जब अधिकारियों ने यीशु के साथ दुर्व्यवहार किया तो उन्होंने पहले उसका डर निकाल दिया था (देखें यूहन्ना 18:6)। महासभा के कार्य की तुलना बाद में स्तिफनुस के साथ महासभा के व्यवहार से करें (प्रेरितों 7:54, 57, 58)।